


By E-mail & Post

पत्रांक 213

दिनांक 14/06/2026

## श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के नाम खुला पत्र
## हिन्दू समाज का धन हिन्दू धर्म, हिन्दू शिक्षा और हिन्दू कल्याण में लगे

सेवा में,
माननीय अध्यक्ष एवं सदस्यगण,
श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या धाम।

सादर प्रणाम।

श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह करोड़ों हिन्दुओं की आस्था, संघर्ष, बलिदान और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के भव्य मन्दिर के निर्माण हेतु देश-विदेश के करोड़ों हिन्दुओं ने अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार योगदान दिया। आज भी लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन श्रीरामलला के चरणों में धन, स्वर्ण एवं अन्य प्रकार के चढ़ावे अर्पित कर रहे हैं।
यह धन किसी व्यक्ति, संस्था अथवा वर्ग विशेष का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज की आस्था का धन है। इसलिए यह आवश्यक है कि इस धन का उपयोग अधिकतम सीमा तक हिन्दू धर्म, हिन्दू शिक्षा, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू समाज के कल्याण में किया जाए।

राष्ट्रीय सनातन पार्टी निम्नलिखित मांगें एवं सुझाव श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के समक्ष रखती है—

1. अखण्ड निःशुल्क भंडारा
अयोध्या धाम में प्रतिदिन चौबीसों घंटे संचालित होने वाला विशाल निःशुल्क भंडारा स्थापित किया जाए, जिससे प्रत्येक तीर्थयात्री, साधु-संत, गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति सम्मानपूर्वक भोजन प्राप्त कर सके।

2. "भजन करो – आर्थिक सहायता पाओ" योजना
आर्थिक रूप से कमजोर हिन्दू परिवारों के लिए विशेष योजना चलाई जाए, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह न्यूनतम 10,000 निर्धन हिन्दू परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा उन्हें धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ा जाए।

3. आधुनिक गुरुकुल क्रांति अभियान
प्रतिमाह कम से कम 10 आधुनिक गुरुकुल स्थापित किए जाएँ, जहाँ वेद, उपनिषद, संस्कृत, भारतीय इतिहास, योग, आयुर्वेद, विज्ञान, गणित, तकनीकी शिक्षा और राष्ट्रचेतना का समन्वित शिक्षण हो।

**(शेष पृष्ठ 2 पर जारी...)**

4. संस्कारशालाओं का राष्ट्रीय विस्तार
देश के प्रत्येक जिले में बालकों और युवाओं के लिए संस्कारशालाओं की स्थापना हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे भावी पीढ़ी धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक बन सके।

5. निर्धन हिन्दू छात्र सहायता कोष
गरीब हिन्दू विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, पुस्तक सहायता, छात्रावास सहायता तथा उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए।

6. गौसंरक्षण एवं धर्मसेवा
गौशालाओं, वेद विद्यालयों, धर्मशिक्षा केन्द्रों तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए विशेष अनुदान योजनाएँ प्रारम्भ की जाएँ।

7. हिन्दू विधवा, अनाथ एवं असहाय सहायता कार्यक्रम
धर्मार्थ कोष का एक भाग समाज के उन हिन्दू परिवारों के लिए समर्पित किया जाए जो आर्थिक, सामाजिक अथवा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हैं।

8. सनातन संस्कृति अनुसंधान एवं प्रकाशन
वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, पुराण, भारतीय इतिहास तथा सनातन दर्शन के अध्ययन, शोध, प्रकाशन और डिजिटल प्रसार हेतु विशेष संस्थानों की स्थापना की जाए।

9. धर्मरक्षा एवं जनजागरण अभियान
देशभर में सनातन धर्म, श्रीराम के आदर्शों और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के प्रचार-प्रसार हेतु व्यापक अभियान चलाए जाएँ।

हमारी स्पष्ट मान्यता
राष्ट्रीय सनातन पार्टी का मानना है कि हिन्दू समाज की श्रद्धा से प्राप्त धन का सर्वोच्च उपयोग हिन्दू समाज, हिन्दू शिक्षा, हिन्दू संस्कृति, धर्मरक्षा और लोककल्याण में होना चाहिए। भगवान श्रीराम स्वयं लोकमंगल, धर्मपालन और जनकल्याण के प्रतीक हैं। अतः श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर का धर्मार्थ कोष भी इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति का माध्यम बने, यही करोड़ों श्रद्धालुओं की अपेक्षा है।

हम श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से आग्रह करते हैं कि वह देश के समक्ष एक ऐसी आदर्श व्यवस्था प्रस्तुत करे, जिसमें मन्दिर केवल पूजा का केन्द्र न होकर धर्म, शिक्षा, सेवा और समाजोत्थान का भी केन्द्र बने।

जय श्रीराम।
राष्ट्रहित सर्वोपरि।

भवदीय,


VISHWAJEET SINGH ANANT
PRESIDENT
RASHTRIYA SANATAN PARTY
H. No. 108-A, GF, Kh. No. 60,
30 Foota Road, New Sabhapur, Gujran
Karawal Nagar, Delhi- 110090

विश्वजीत सिंह अनंत (आर्यवीर सिंह अनंत)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सनातन पार्टी